Seventeenth Loksabha

an>

Title: **Regarding laying of new rail line from Purulia to Jhargram in West Bengal.***h

श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो (पुरुलिया): अध्यक्ष महोदय, मैं पश्चिम बंगाल के पुरुलिया लोक सभा क्षेत्र से सांसद हूँ। मेरा लोक सभा क्षेत्र एक अविकसित जिला है। मेरे लोक सभा क्षेत्र पुरुलिया तथा इसके आसपास के जिले काफी पिछड़े हुए हैं। चूंकि मेरा लोक सभा क्षेत्र सीमावर्ती जिला है, इसलिए इस जिले और आसपास के क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पाया है।

महोदय, रेलवे ने पूरे भारत में अपना जाल बिछा दिया है, कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। मगर आपको जानकर यह आश्चर्य होगा कि आजादी के इतने दशक बीतने के बावजूद पुरुलिया से झारग्राम अभी तक कोई रेल लाइन है। यह क्षेत्र काफी बड़ा है और यहाँ के सैकड़ों गाँवों में करीब 10 लाख की आबादी निवास करती है। इनके लिए रेल लाइन अभी भी सपना सरीखा लगता है।

अत: मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि यहाँ की आम गरीब जनता की यात्रा संबंधी समस्या तथा पिछड़ेपन से निजात दिलाते हुए जल्द से जल्द नई रेल लाइन का सर्वे कराया जाए। महोदय, पुरुलिया से झारग्राम तक नई रेल लाइन का सौगात यहाँ की जनता को प्रदान करने की कृपा करें, ताकि यहाँ की जनता को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके और उस क्षेत्र का विकास हो सके।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।